Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a bridge on Punpun river between village Ankuri and Village Jakhora in Parliamentary Constituency, Bihar

श्री महाबली सिंह (काराकाट): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र काराकाट (बिहार) के अन्तर्गत औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड के पंचायत- मीरपुर के ग्राम- अंकुरी और हसपुरा प्रखण्ड के पंचायत मलहरा के ग्राम- जखौरा के बीच में पुनपुन नदी पर पुल नहीं बनाने के कारण नाव से इस पार से उस पार जाने के क्रम में लगातार सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो चुकी हैं। नदी के इस पार और उस पार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) रोड भी है। ये पुल बन जाने पर गोह प्रखण्ड और हसपुरा प्रखण्ड की दूरी काफी कम हो जाएगी, और देवकुंड तीर्थ धाम एवं अरवल होते हुए पटना जाने में काफी आसानी होगी । यह क्षेत्र नक्सल प्रभावी क्षेत्र है। नक्सली गतिविधियों पर काबू पाने में पुलिस को भी बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है| पुल के अभाव में नक्सली अपने मंसूबों में कामयाब हो जाते हैं।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि ग्राम- अंकुरी और ग्राम- जखौरा के बीच में पुनपुन नदी पर पुल अतिशीघ्र बनाया जाए।